## एक नजर में

### अनुरागी जिले के प्रभारी सीएमएचओ नियुक्त

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। प्रदेश शासन के लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग मंत्रालय भोपाल के आदेशानुसार डीएचओ संवर्ग में जिला अस्पताल में पदस्थ डॉ. पीके माहौर प्रभारी मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी टीकमगढ़ अपनी अधिवार्षिक आयु 65 वर्ष पूर्ण कर 31 दिसम्बर को सेवानिवृत्त हो जाने के बाद अब सीएमएचओ का प्रभारी नेत्ररोग विशेषज्ञ डॉ. ओपी अनुरागी को सौंपा जा चुका है।**

ज्ञात रहे कि प्रभारी मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. पीके माहौर के सेवानिवृत्त होने पर जिला अस्पताल में पदस्थ नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. ओपी अनुरागी को तत्काल प्रभाव से प्रभारी मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी टीकमगढ़ का दायित्व अगले आदेश तक सौंपा गया है। प्रदेश शासन के लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग मंत्रालय भोपाल के आदेशानुसार डीएचओ संवर्ग में जिला अस्पताल में पदस्थ डॉ. पीके माहौर प्रभारी मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी टीकमगढ़ अपनी अधिवार्षिक आयु 65 वर्ष पूर्ण कर 31 दिसम्बर को सेवानिवृत्त हो जाने के बाद अब सीएमएचओ का प्रभारी नेत्ररोग विशेषज्ञ डॉ. ओपी अनुरागी को सौंपा जा चुका है।

# सुबह से हुई हल्की बूंदाबांदी, दिन भर चली सर्द हवाएं

**आगामी दिनों में और अधिक ठंड बढ़ने का अनुमान**

**मौसम विभाग ने जताई बारिश की संभावना**

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। नवभारत न्यूज टीकमगढ। इन दिनों मौसम पूरी तरह से बदल चुका है। ठंड ने अपना उग्र रूप दिखाना शुरू कर दिया है। आसमान में शुक्रवार से लेकर आज रविवार तक बादल छाए रहने की संभावना मौसम विभाग ने जताई है जिसके साथ ही हल्की बूंदाबांदी होने की संभावनाएं नजर आ रहीं है। जिससे रविवाद का दिन और अधिक सर्द होने का अनुमान लगाया जा रहा है। शुक्रवार को सुबह से लेकर देर शाम तक आसमान में धुंधछाई रही सुबह से हल्की बूंदाबांदी हुई जबकि पूरे दिन सर्द हवाओं का दौर जारी रहा। लोग इस ठंड के मौसम में आग का सहारा लेकर बचाव करते हुए दिखाई दिए।**

शुक्रवार की सुबह करीब 4 बजे हल्की बूंदाबांदी भी देखने को मिली । मौसम विभाग के अनुसार अगले 24 घंटों के दौरान आसमान में बादल छाए रहने और हल्की बूंदाबांदी की संभावना है।



पिछले 24 घंटों में मौसम में आए बदलाव के कारण दिन और रात के तापमान में कमी आई है। बुधवार को दिन का तापमान 25.8 डिग्री रिकॉर्ड किया गया था जो गुरुवार को घटकर 22.6 डिग्री पर पहुंच गया। इस प्रकार, दिन के तापमान में लगभग 3 डिग्री की गिरावट दर्ज की गई। वहीं, रात का तापमान 8.4 डिग्री से घटकर 8 डिग्री हो गया।

मौसम विभाग के पूर्वानुमान के मुताबिक, शुक्रवार को अधिकतम तापमान 20 डिग्री के आसपास रहने की संभावना है, जबकि रात का तापमान बढ़कर 9 डिग्री तक पहुंच सकता है। शनिवार को भी बादल छाए रहने की उम्मीद है।

रविवार से मौसम साफ होने का अनुमान है, जिसके चलते दिन का पारा घटकर 18 डिग्री तक पहुंच सकता है और रात का तापमान 6 से 7 डिग्री तक गिरने का अनुमान है। नए साल के पहले हफ्ते में लोगों को कड़ाके की ठंड का सामना करना पड़ेगा और इस दौरान शीत लहर चलने की भी संभावना है।

भू-अभिलेख कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार, रविवार को अधिकतम तापमान 22.2 डिग्री और न्यूनतम तापमान 8.5 डिग्री रहा। सोमवार को अधिकतम तापमान 21 डिग्री और न्यूनतम तापमान 8 डिग्री दर्ज किया गया। मंगलवार को अधिकतम तापमान बढ़कर 25.2 डिग्री और न्यूनतम तापमान 7.9 डिग्री रिकॉर्ड किया गया।

बुधवार को अधिकतम तापमान 25.8 डिग्री और न्यूनतम तापमान 8.4 डिग्री दर्ज हुआ। गुरुवार को अधिकतम तापमान एक बार फिर घटकर 22.6 डिग्री और न्यूनतम तापमान 8 डिग्री पर पहुंच गया।

ज्ञातव्य हो कि आसमान में शुक्रवार से लेकर आगामी कुछ दिनों तक आसमान में बादल छाए रहने की संभावना जताई जा रही है और सर्द हवाएं चलने लगी हैं। शुक्रवार की सुबह से ही कोहरे के साथ ही घने बादलों के कारण दिनभर धूप नहीं निकली और आसमान में घने बादल छाए रहन से जिससे लोग घरों में दुबके रहे।

**एक बार फिर घटकर 8 डिग्री पहुंचा तापमान**

शुक्रवार की सुबह जैसे ही हल्की बूंदाबांदी के साथ सर्द हवाओं का दौर शुरू हुआ और आसमान में धुंध छाई रही इसके बाद तत्काल भू-अभिलेख कार्यालय ने लोगों को मौसम से सर्तक रहने के साथ-साथ बताया कि रविवार को अधिकतम तापमान 22 .2 डिग्री और न्यूनतम तापमान 8 .5 डिग्री रहा। सोमवार को अधिकतम तापमान 21 डिग्री और न्यूनतम तापमान 8 डिग्री दर्ज किया गया। मंगलवार को अधिकतम तापमान बढ़कर 25 .2 डिग्री और न्यूनतम तापमान 7 .9 डिग्री रिकॉर्ड किया गया। बुधवार को अधिकतम तापमान 25 .8 डिग्री और न्यूनतम तापमान 8 .4 डिग्री दर्ज हुआ। गुरुवार को अधिकतम तापमान एक बार फिर घटकर 22 .6 डिग्री और न्यूनतम तापमान 8 डिग्री पर पहुंच गया।

**चिकित्सकों ने ठंड से बचाव की दी समझाइश**

जिला चिकित्सालय पदस्थ डॉ. अजीत कुमार जैन ने बदलते मौसम एवं अत्याधिक पड़ रही सर्दी से लोगों को बचाव की समझाईश देते हुए बताया कि शीतलहर, पाले से पहले लोकल समाचार माध्यमों, शिक्षा संस्थाओं, पंचायतों, आंगनवाड़ियों के माध्यम से स्थानीय स्तर पर शीत लहर, पाले के मौसम संबंधी पूर्वानुमानों के संबंध में सदैव सजग रहना चाहिए। गर्मवस्त्र एवं कई परतों में कपड़ों का उपयोग किया जाना चाहिए। आकस्मिक स्थितियों के उपाए हेतु घर में रसद एवं अन्य सामग्रियों की व्यवस्था सुनिश्चित करना चाहिए। शीत लहर के दौरान नाक बहना, नाक बंद होना, फ्लू नाक से खून आने जैसे लक्षण सामान्यत :पाए जाने पर तुरंत डॉक्टर से परामर्श ले।


## प्रधान आरक्षक ने सल्फास खाकर की जीवन लीला समाप्त



**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। सिटी कोतवाली में पदस्थ एक प्रधान आरक्षक ने अज्ञात कारणों के चलते नववर्ष के पहले दिन सल्फास खाकर अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली है पुलिस ने मामला कायम करते हुए अपने विभाग के कर्मचारी की मौत के कारणों की जानकारी के लिए मामला जांच में लिया है।**

पुलिस से प्राप्त जानकारी अनुसार कोतवाली में पदस्थ मोहनलाल चढ़ार पुलिस लाइन स्थित अपने सरकारी आवास में रहते थे। गुरुवार को उनकी ड्यूटी बगाज माता मंदिर में लगाई गई थी। शाम को ड्यूटी से लौटने के बाद प्रधान आरक्षक ने झांसी रोड स्थित चकरा तिराहे के पास अज्ञात करणों के चलते सल्फास खाने की घटना को अंजाम दे डाला। जब उसकी हालत बिगड़ी तो तुरंत उसे गंभीर अवस्था में जिला अस्पताल ले जाया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने उसे झांसी मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया । झांसी में उपचार के दौरान मोहनलाल की मौत हो गई। आत्महत्या के कारणों का अभी तक पता नहीं चल पाया है। पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी मामले की जांच में जुट गए हैं। कोतवाली थाना प्रभारी बृजेंद्र सिंह घोष ने बताया कि गुरुवार को मोहनलाल चढ़ार की ड्यूटी बगाज माता मंदिर में थी। ड्यूटी से लौटने के बाद उन्होंने चकरा रोड पर अज्ञात कारणों के चलते सल्फास खा लिया था। फिलहाल पूरे मामले की जांच की जा रही है। इस घटना के चलते मृतक के परिवार में मातम छाया हुआ है । लोग तरह तरह के कयास लगा रहे हैं।

## शहर में आए दिन दिख रहा गुण्डागर्दी का नजारा, मारपीट की घटनाएं बनीं आम



**नवभारत न्यूज, टीकमगढ़। शहर के स्टेट बैंक चौराहे पर गुरुवार शाम करीब 7 बजे गुंडागर्दी का नजारा देखने को मिला। यहां नशे में धुत कुछ युवकों ने एक युवक के साथ जमकर मारपीट कर दी।**

इस बीच सड़क पर हो रही इस लड़ाई को देखकर चौराहे पर अफरा-तफरी का माहौल उत्पन्न हो गया। वहीं मौके पर मौजूद लोगों ने इस पूरी घटना का वीडियो बना लिया और तुरंत ही कोतवाली पुलिस को मामले की जानकारी दी। शहर में इन दिनों आपसी विवाद और मारपीट की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रहीं हैं। अभी दो दिन पहले ही नगर के सिविल स्थित शहनाई गार्डन के पास युवकों के दो गुट आपस में भिड़ गए थे और एक युवक के साथ बेरहमी से मारपीट कर दी थी और अब स्टेट बैंक चौराहे पर सरेआम मारपीट की यह दूसरी बड़ी घटना सामने आई है। इन घटनाओं से स्थानीय लोगों में असुरक्षा और भय का माहौल बना हुआ है। इसमें हैरानी की बात यह रही कि जब युवक को पीटा जा रहा था, तब वहां मौजूद लोग सिर्फ वीडियो बनाते रहे, किसी ने भी पिटते युवक को बचाने के लिए बीच-बचाव करने की हिम्मत नहीं दिखाई। कोतवाली पुलिस का कहना है कि अभी तक इस मामले में किसी भी पक्ष की तरफ से लिखित शिकायत नहीं मिली है, लेकिन पुलिस ने मामले को गंभीरता से लिया है। अब पुलिस इस वायरल वीडियो के आधार पर मारपीट करने वाले युवकों की पहचान करने में जुटी है। कोतवाली पुलिस का कहना है कि वीडियो में दिख रहे आरोपियों को जल्द ही पकड़ लिया जाएगा और उनसे पूछताछ की जाएगी।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की मौत

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। बीती रात सड़क दुर्घटना में बम्हौरी खास गांव निवासी एक युवक की दर्दनाक मौत हो जाने का मामला सामने आया है। सूचना पर मौके पर पहुंची थाना पुलिस ने मौका मुआयना पंचनामा कार्रवाई करते हुए मृतक का पोस्टमार्टम उपरांत मृतक का शव परिजनों को सौंप दिया है।**

पुलिस ने बताया कि बीती रात थाना दिगौड़ा के बंधा तिगेला स्थित पेट्रोल पंप के पास एक अज्ञात वाहन के चालक ने वाहन ने बम्हौरी खास निवासी सुरेंद्र दांगी को टक्कर मार दी।

## अंडरग्राउण्ड नाली निर्माण का जायजा लेने पहुंचे सीईओ

**नवभारत न्यूज पलेरा। ग्राम पंचायत सैपुरा में विकास कार्यों की गुणवत्ता और प्रगति को लेकर जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अरविन्द वोरकर एवं जिला व ब्लॉक समन्वयक की टीम द्वारा स्थल का निरीक्षण किया गया। इस दौरान पंचायत में बन रही अंडरग्राउंड भूमिगत नाली के निर्माण कार्य का जायजा लिया गया।**

निरीक्षण के दौरान जनपद सीईओ के साथ जिला समन्वयक मनीष जैन और ब्लॉक समन्वयक रामकुमार तिवारी मुख्य रूप से उपस्थित रहे। अधिकारियों ने



निर्माण कार्य की तकनीकी बारीकियों को देखा और उपयंत्री कालीचरण राजपूत को निर्देश दिए कि कार्य में उच्च गुणवत्ता के मानकों का पालन किया जाए ताकि भविष्य में जल निकासी की समस्या न रहे। इस अवसर पर ग्राम पंचायत की सरपंच रेखा-रमेश लिटोरिया ने बताया कि गांव को स्वच्छ और कीचड़ मुक्त बनाने के उद्देश्य से इस नाली का निर्माण कराया जा रहा है।

## भावनात्मक और सेवा भाव से कार्यक्रम संपन्न

**नवभारत न्यूज, टीकमगढ़। शहर के छतरपुर रोड स्थित आईटीआई कॉलेज के समीप संचालित मातृ पितृ छाया वृद्ध आश्रम में नव वर्ष के अवसर पर गुरुवार को एक भावनात्मक और सेवा भाव से कार्यक्रम सम्पन्न कराया गया।**

कार्यक्रम के तहत आश्रम में निवासरत सभी वृद्धजनों को मिष्ठान्न, फल एवं स्वादिष्ट भोजन परोसा गया। इस दौरान कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने वृद्धजनों से आत्मीय चर्चा करते हुए कहा कि वृद्धों की सेवा करना सबसे बड़ा पुण्य कार्य है। उन्होंने आश्रम का संचालन कर रही महिलाओं के सेवा कार्यों की सराहना करते हुए। इसे समाज के लिए प्रेरणास्पद बताया। नव वर्ष के इस आयोजन के दौरान आश्रम में विशेष उत्साह और उल्लास का माहौल देखने को मिला। वृद्धजनों ने एक-दूसरे को नववर्ष की बधाईयां दी।

## दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए चलाया अभियान

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। वर्ष के पहले दिन कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय के निर्देशानुसार तथा जिला परिवहन अधिकारी मनोज कुमार तेहनगुरिया के मार्गदर्शन में सड़क सुरक्षा को लेकर एक विशेष जन जागरूकता एवं सुरक्षा अभियान आयोजित किया गया। इस अभियान के अंतर्गत शहर के अम्बेडकर तिराहा, किले के पीछे बण्डा मार्ग एवं मुखर्जी चौराहा सुधा सागर रोड पर खड़े कुल 32 ट्रैक्टर ट्रॉलियों पर रेड रिफ्लेक्टर रेडियम टेप लगाये गये, ताकि रात के समय सड़क पर चलने वाले भारी वाहनों की स्पष्ट पहचान हो सके और दुर्घटनाओं में कमी लायी जा सके।**

इस अभियान का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में संचालित ट्रैक्टर ट्रॉलियों की दृश्यता बढ़ाकर सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम करना है। रेड रिफ्लेक्टर टेप लगने से रात एवं



कम रोशनी की स्थिति में पीछे से आने वाले वाहनों को ट्रैक्टर - ट्रॉली आसानी से दिखाई देंगे, जिससे दुर्घटना की सम्भावना कम होगी। इस दौरान जिला परिवहन अधिकारी मनोज कुमार तेहनगुरिया द्वारा वाहन चालकों को यातायात नियमों का पालन करने, सुरक्षित गति से वाहन चलाने एवं सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक रहने की अपील की गयी। साथ ही वाहन चालको को बताया गया कि छोटे-छोटे सुरक्षा उपाय भी बड़े-बड़े हादसों को रोकने में सहायक होते हैं। जिला प्रशासन द्वारा आम नागरिकों से अपील की गई की वे सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करें और इस प्रकार के अभियानों में सहयोग देकर सुरक्षित यातायात व्यवस्था बनाने में अपनी भूमिका निभायें। इसके अंतर्गत शहर के अम्बेडकर तिराहा सहित अन्य स्थानों पर अभियान चलाया गया।

# ठंड से बचाव के लिए केन्द्रीय मंत्री ने मरीजों को बांटे कंबल

**जिला अस्पताल पहुंच कर मरीजों से किया वार्तालाप**

**स्वास्थ्य सुविधा में लापरवाही न करने की दी हिदायत**

**नवभारत न्यूज, टीकमगढ़। मोदी सरकार के केबिनेट मंत्री डॉ. वीरेन्द्र कुमार ने अपने संसदीय क्षेत्र स्थित जिला अस्पताल में पहुंचकर महिला सर्जिकल एवं प्रसूति वार्ड में भर्ती मातृशक्ति का कुशलक्षेम जानकर शासन से मिलने वाली स्वास्थ्य सुविधाओं के बारे में माता-बहनों से चर्चाकर उनकी आवश्यकताओं सहित समस्याओं के विषय में जानकारी हासिल की। इस दौरान जिला अस्पताल में पदस्थ डॉ. डीएस भदौरिया, सांसद प्रतिनिधि अनुराग वर्मा, विवेक चतुर्वेदी, जीतू सेन, आनंद कुशवाहा सहित अनेक लोग मौजूद रहे। वही उन्होंने अस्पताल के मरीजों को वार्डों में जाकर वहां भर्ती माता-बहनों को गरम कंबल वितरित किए।**



केन्द्रीय मंत्री डॉ. कुमार ने जिला चिकित्सालय में उपचार ले रहे मरीजों से बातचीत करते हुए उन्हें समझाइश दी कि इस मौसम में मातृशक्ति को ठंड से बचाव करने की आवश्यकता है। लोग सर्दी के मौसम में जरूरीकाम से ही अपने घरों से निकलें और इस घटते तापमान को अनदेखा न करते हुए लापरवाही न करें । ऐसे में स्वयं का बचाव जरूरी है। बढ़ती सर्दी से बचने के लिए उन्होंने अस्पताल के मरीजों को वार्डों में जाकर वहां भर्ती माता-बहनों को गरम कंबल वितरित किए। अस्पताल के वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. डीएस भदोरिया को उन्होंने सभी महिला मरीजों की सुविधा उपलब्ध कराने के लिए आवश्यक निर्देश भी दिए। केबिनेट मंत्री डॉ. वीरेन्द्र कुमार ने अपने संसदीय क्षेत्र स्थित जिला अस्पताल में पहुंचकर महिला सर्जिकल एवं प्रसूति वार्ड में भर्ती मातृशक्ति का कुशलक्षेम जाना ।

**इनकी रही मौजूदगी**

मोदी सरकार के केबीनेट मंत्री डॉ. वीरेन्द्र कुमार जब जिला चिकित्सालय के मरीजों को ठंड से बचाव के लिए कंबल वितरित कर रहे थे तो इस दौरान उनके साथ जिला अस्पताल में पदस्थ डॉ. डीएस भदौरिया, सांसद प्रतिनिधि अनुराग वर्मा, विवेक चतुर्वेदी, जीतू सेन, आनंद कुशवाहा सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

**मतगणना ▶ नव निर्वाचित सरपंच ने अपने प्रतिद्वंदी को दी करारी मात**

# पंचायत उप चुनाव में अखिलेश केवट हुए सरपंच के पद पर काबिज

**नवभारत न्यूज मोहनगढ़। शुक्रवार को जिले की ग्राम पंचायत मोहनगढ़ में सरपंच पद के प्रत्याशी के लिए हुए चुनाव की मतगणना प्रक्रिया अधिकारियों की मौजूदगी में सम्पन्न कराई गई। मतगणना के दौरान पुलिस की चाक-चौबंद व्यवस्था देखने को मिली। मतगणना को लेकर जिला प्रशासन के अधिकारियों ने पहले से ही सारी तैयारियां पूर्ण कर ली थी। जिसके चलते शुक्रवार को त्रि-स्तरीय पंचायत उपचुनाव की मतगणना के बाद यहां मतगणना में अखिलेश उर्फ कनई केवट ने सरपंच के चुनाव में जीत हासिल कर सफलता प्राप्त कर ली है।**

शुक्रवार को मोहनगढ़ के त्रि-स्तरीय पंचायत उप चुनाव की मतगणना का कार्य प्रशासनिक



अधिकारियों की मौजूदगी में सुबह 8 बजे से शुरू कराया गया। उपचुनाव में हुए मतदान के मतों की गणना प्रारंभ होने के बाद करीब 1 घंटे में ही सभी 7 बूथों का परिणाम सभी के सामने आया। मतगणना के परिणाम में सरपंच पद के प्रत्याशी अखिलेश उर्फ कनई केवट ने 2140 मत पाकर अपने प्रतिद्वंद्वी प्रत्याशी भगवानदास केवट को 637 मतों से पराजित करने में अपनी सफलता हासिल कर ली है। जैसे ही मतदाताओं में यह खबर पहुंची तो अखिलेश केवट को बधाई देने वालो का हुजूम लग गया और सभी ने एक-दूसरे को तिलक लगाकर जीत की बधाई दी। शुक्रवार को जिले की ग्राम पंचायत मोहनगढ़ में सरपंच पद के प्रत्याशी के लिए हुए चुनाव की मतगणना प्रक्रिया अधिकारियों की मौजूदगी में सम्पन्न कराई गई। मतगणना के दौरान पुलिस की चाक-चौबंद व्यवस्था देखने को मिली। मतगणना को लेकर जिला प्रशासन के अधिकारियों ने पहले से ही सारी तैयारियां पूर्ण कर ली थी। जिसके चलते शुक्रवार को त्रि-स्तरीय पंचायत उपचुनाव की मतगणना के बाद यहां मतगणना में अखिलेश उर्फ कनई केवट ने सरपंच के चुनाव में जीत हासिल कर सफलता प्राप्त कर ली है।

जानकारी के अनुसार सरपंच पद का चुनाव जीतने के बाद ग्रामीणों ने नव निर्वाचित सरपंच कनई केवट से रैली निकालने का आग्रह किया लेकिन ग्राम मोहनगढ़ में किसी व्यक्ति के निधन होने की जानकारी लगते ही सरपंच ने रैली निकालने से साफ इंकार कर दिया और कहा कि ऐसे गमगीन माहौल में मैं दिखावा करने का कोई मतलब नहीं है जनता का दुख मेरा दुख है।

**नव निर्वाचित सरपंच ने किया आभार व्यक्त**

ग्रामीण मतदाताओं ने बताया कि अखिलेश उर्फ कनई केवट के स्व. पिता ने लंबे समय तक ग्राम पंचायत सहित क्षेत्र की राजनीति की है, जिन्होंने हमेशा गरीब – मजदूरों के हक की लड़ाई लड़कर वह हमेशा ही धर्म की राह पर चलते रहे हैं। जिसका ही आज परिणाम है कि ग्राम मोहनगढ़ की जनता ने अपना आशीर्वाद बोट के रूप में उनके पुत्र को दिया और आज वह सरपंच बन चुके हैं। सरपंच की मतगणना के बाद तहसीलदार रमेश चन्द्र परमार के द्वारा अखिलेश केवट को प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। जिसके बाद नव नियुक्त सरपंच अखिलेश उर्फ कनई केवट ने ग्रामवासियों का आभार व्यक्त किया है।

## 15 जनवरी को पोर्टल पर प्रक्रिया संपादित

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। मध्यप्रदेश शासन द्वारा टीकमगढ़ जिले में स्थित विभागीय औद्योगिक क्षेत्र सुनौरा खिरिया में 5 रिक्त औद्योगिक भूखंडों के आवंटन के लिए एक जनवरी की सुबह 11 बजे से 15 जनवरी को अपराह्न 5 बजे तक एक्सप्रेशन ऑफ इन्टरेस्ट आमंत्रित किए गए है। उक्त प्रक्रिया विभागीय पोर्टल पर संपादित की जाएगी।**

प्रक्रिया अंतर्गत प्रत्येक भूखंड के लिए आवेदन शुल्क 5 हजार रूपये होगा। आवेदन शुल्क वापसी योग्य नहीं होगा। आवेदन शुल्क के अतिरिक्त आवेदित भूमि के लिए आवेदन दिनांक को प्रचलित प्रव्याजीकी 25 प्रतिशत अग्रिम राशि पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन जमा करनी होगी। भूखंडों का आवंटन मध्यप्रदेश एमएसएमई को औद्योगिक भूमि तथा भवन आवंटन एवं प्रबंधन के प्रावधानों अनुसार किया जाएगा।

## पुलिस की लापरवाही से जाम में फंसी रही एम्बूलेंस

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। ललितपुर मार्ग पर स्थित कुण्डेश्वर-महरौनी रोड पर बीते रोज यातायात पुलिस की घोर लापरवाही के चलते दोपहर करीब 3-3.30 बजे काफी लंबा जाम लग गया। महर्षि स्कूल से लेकर कुंडेश्वर तक लगभग 3 किलोमीटर लंबे इस जाम में लोग काफी देर तक फंसे रहे। इस दौरान एक एम्बुलेंस भी जाम में फंसी रही। जिससे उसमें बैठे मरीजों को काफी परेशानी देखने को मिली, इस दौरान कोई भी पुलिसकर्मी मौजूद नहीं था।**

स्थानीय लोगों ने जब इस जाम की सूचना पर खिरिया चौकी और कोतवाली पुलिस को दी तब इसके बाद फंसे हुए वाहनों को हटाने का काम पुलिस ने पहुंचकर शुरू किया। इस जाम में फंसे लोगों ने बताया कि नए साल के पहले दिन बड़ी संख्या में लोग बारीघाट फिल्टर प्लांट और कुंडेश्वर महादेव के दर्शन करने पहुंचे थे। इस कारण टीकमगढ़-महरौनी रोड पर यातायात का दबाव काफी बढ़ गया था। उन्होंने यह भी बताया कि हर साल वर्ष के पहले दिन यहां भारी भीड़ उमड़ती है, लेकिन इसके बावजूद पुलिस प्रशासन की ओर से ट्रैफिक व्यवस्था के लिए कोई इंतजाम नहीं किए गए थे। इसी लापरवाही के चलते दोपहर में यह लंबा जाम लगा। जाम के कारण महर्षि स्कूल से लेकर कुंडेश्वर तक सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। इनमें दोपहिया, चारपहिया वाहन, यात्री बसें और लोडिंग वाहन शामिल थे। जाम लगने के लगभग एक घंटे बाद पुलिसकर्मी मौके पर पहुंचे और यातायात को व्यवस्थित करने का प्रयास शुरू किया ।इस दौरान लोग करीब 2 से 3 घंटे तक जाम में फंसे रहे। कई लोगों ने निकलने के लिए आसपास के संकरे रास्तों का सहारा लिया, जिससे ग्रामीण इलाकों भी आवागमन में परेशानी हुई।